सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेसनोट दिनांक 08.02.2025

सोशल मीडिया पर सम्प्रदाय विशेष के विरूद्ध धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से अभद्र टिप्पणी करने वाले 04 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण सोशल मीडिया सेल इटावा एवं थाना बसरेहर पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत शासन की मंशानुरूप एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सोशल मीडिया सेल इटावा द्वारा सोशल मीडिया 24*7 कड़ी निगरानी रखी जा रही थी इसी दौरान 03 युवकों का इन्स्टाग्राम पर भगवान श्रीराम एवं सीता माता के लिये अश्लील भाषा का प्रयोग व अश्लील इशारे कर वीडियो प्राप्त हुयी। जिसका तत्काल सोशल मीडिया सेल इटावा द्वारा संज्ञान लेकर इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्यों को एकत्रित कर उक्त तीनों युवकों की लोकेशन थाना बसरेहर क्षेत्रान्तर्गत प्राप्त हुयी जिस पर थानाध्यक्ष बसरेहर को अवगत कराया गया एवं थानाध्यक्ष बसरेहर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये **थाना बसरेहर पर मु0अ0सं0 09/2025 धारा 299/196(1)(ए)/353(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाँछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 07.02.2025 को थाना बसरेहर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मु0अ0सं0 09/2025 से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को **बनकटी पुलिया के पास से समय 13.45 बजे** गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. त्रिवेन्द्र कुमार पुत्र संजीव कुमार निवासी ग्राम नगला काछियान थाना बसरेहर जनपद इटावा
2. गुलशन कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी ग्राम नगला काछियान थाना बसरेहर जनपद इटावा
3. अंकेश कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम नगला काछियान थाना बसरेहर जनपद इटावा
4. निगम बाबू पुत्र शिवराज सिंह निवासी ग्राम नगला काछियान थाना बसरेहर जनपद इटावा

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 09/2025 धारा 299/196(1)(ए)/353(2) बीएनएस थाना बसरेहर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 02 मोबाइल फोन।

पुलिस टीम- प्रथम टीमः- उ0नि0 यशोदा रानी प्रभारी सोशल मीडिया सेल इटावा, का0 अभय शुक्ला, का0 अमन चौधरी, का0 शैलेन्द्र यादव, का0 राहुल प्रजापति, का0 अनीश कटियार मय टीम।

द्वितीय टीमः- उ0नि0 श्री समित चौधरी थानाध्यक्ष बसरेहर, उ0नि0 मांजीत प्रसाद, का0 संजीत कुमार, का0 विनोद कुमार, का0 अंकित कुमार।